# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–27 जनवरी 2025 — सान्ध्य समाचार

प्रदेश सरकार ने प्रयागराज के महाकुम्भ क्षेत्र को आज से वाहन रहित क्षेत्र घोषित कर दिया है। यह फैसला उन्तीस जनवरी को मौनी अमावस्या के अमृत स्थान के अवसर पर संभावित भीड़ के सुचारू प्रबंधन के लिए लिया गया है। साथ ही एकीकृत नियंत्रण और कमान केंद्र को भीड़ पर नजर रखने तथा संगम पर अत्यधिक श्रद्धालुओं के जुटने पर नियंत्रण के लिए सक्रिय किया गया है। किसी आपात स्थिति से निपटने के लिए अधिक भीड–भाड वाले क्षेत्रों में त्वरित कार्रवाई दल भी तैनात किए गए हैं।

इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज प्रयागराज में महाकुंभ में गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाई। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कई संत भी उनके साथ मौजूद रहे। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

**अपनी यात्रा के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इसके अलावा कई साधु और संतों से मुलाकात की। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि महाकुंभ संपूर्ण विश्व को समानता और समरसता का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि यह महाकुंभ केवल तीर्थस्थल नहीं है बल्कि देश की विविधता, आस्था और ज्ञान परंपरा का भी संगम है। महाकुंभ के दौरान अब तक 13 करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम में पवित्र स्नान कर चुके हैं। 13 जनवरी से शुरू हुआ यह महाकुंभ का मेला 26 फरवरी तक चलेगा। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।**

**********

महाकुंभ आने वाले श्रद्धालु बड़ी संख्या में धर्मनगरी वाराणसी और अयोध्या पहुंच कर दर्शन पूजन कर रहे हैं। इसे देखते हुए वाराणसी जिले में आगामी पांच फरवरी तक के लिए विशेष ट्रैफिक व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत ग्यारह थाना क्षेत्रों में सिटी और ई बस सेवा का संचालन बंद कर दिया गया है। साथ ही बाहरी जनपदों से आने वाली रोडवेज और प्राइवेट बसों का शहर में प्रवेश प्रतिबंधित है। अयोध्या जिले में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रीरामलला का दर्शन पूजन कर रहे हैं। कल वहां पंद्रह लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे और पूजा अर्चना की।

**********

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पहली फरवरी को वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस छब्बीस के लिए केंद्रीय बजट पेश करेंगी। आगामी बजट में घरेलू तथा वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार की आर्थिक प्राथमिकताओं और राजकोषीय रणनीतियों की झलक देखने को मिलेगी। बजट में मजबूत बुनियादी ढांचे और विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण पर जोर देते हुए आर्थिक वृद्धि, रोजगार सृजन और राजकोषीय नियंत्रण पर ध्यान दिए जाने की उम्मीद है।

**********

प्रदेश सरकार में मंत्री रविंद्र जायसवाल ने वाराणसी मंडल के विकास के लिए नये प्राधिकरण बनाए जाने के सरकार के फैसले को पर्यटन उद्योग के विकास में मददगार बताया है। चंदौली में कल मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह प्राधिकरण सनातन परम्परा और पर्यटन पर केंद्रित रहेगा।

***सरकार ने बहुत शानदार घोषणा किया कैबिनेट के अन्दर वाराणसी बिंद एनसीआर यानी की पुराना वाराणसी मण्डल, पुराना वाराणसी मण्डल मतलब कि पहले वाराणसी के मण्डल में मिर्जापुर जिला, सोनभद्र जिला, ये जो चन्दौली है बनारस जिले के पास का भदोही जिले बनारस के पास थे और पूर्व का जिला जौनपुर, गाजीपुर इनको मिला कर के वाराणसी बिंद एनसीआर यानी की पुनः एक तरह से वाराणसी के डेवलपमेंट के लिये एक नयी अथॉरिटी बनायी जायेगी। तो सनातन परम्परा जो टूरिज्म को फोकस करते हुए ये पूरा सात जिलों के विकास होगा।***

**********

मिशन शक्ति के तहत मऊ जिले में पुलिस अधीक्षक इला मारन ने महिला बीट पुलिसिंग एप की आज शुरूआत की। इस एप के माध्यम से बीट पुलिसिंग का डिजिटलाइजेशन किया गया है। इससे महिला पुलिस कर्मियों को अपने बीट क्षेत्र में होने वाली घटनाओं की त्वरित सूचना मिल जाएगी।

**********

प्रतापगढ़ जिले के कोहड़ौर इलाके के क्षीणा के पास आज सुबह हुए सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दर्जनभर लोग घायल हो गये। दुर्घटना उस समय हुई जब महाकुंभ से चार पहिया वाहन से लौट रहे मैनपुरी जिले के श्रद्धालुओं की गाड़ी, संतकबीरनगर जिले से महाकुंभ जा रही श्रद्धालुओं से भरे डीसीएम ट्रक से टकरा गई।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में अगले तीन दिनों तक कोहरे की चेतावदी दी है। विभाग द्वारा जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार इस अंचल के तराई वाले इलाकों में कहीं कहीं घना से लेकर अत्यधिक घना कोहरा छाया रहेगा। इस बीच, गोरखपुर और इसके आसपास के जिलों में आज सुबह देर तक कोहरा छाए रहने से यातायात की रफ्तार सुस्त रही। दोपहर बाद थोड़ी देर धूप निकली, हालांकि गलन भरी हल्की ठंड महसूस की गई। जिला प्रशासन के निर्देश पर कई जिलों में सुबह दस बजे के बाद स्कूलों का संचालन जारी है।

**********